संख्या-7/2023/001-यू.ओ.84/सैंतीस-2-2022

प्रेषक,

देवेन्द्र कुमार पाण्डेय,
विशेष सचिव,
उत्तर प्रदेश शासन।

सेवा में,

निदेशक,
प्रशासन एवं विकास,
पशुपालन विभाग, उत्तर प्रदेश, लखनऊ।

पशुधन अनुभाग-2 लखनऊ :: दिनांक-12 जनवरी, 2023

विषयः- **रिट याचिका संख्या-18097(एम.एस.)/2021, निदेशक, पशुपालन विभाग, उ0प्र0, लखनऊ व अन्य बनाम मिश्री लाल व अन्य में मा0 उच्च न्यायालय द्वारा पारित आदेश दिनांक-19.08.2021 के अनुपालन हेतु वित्तीय स्वीकृति।**

महोदय,

उपर्युक्त विषयक आपके पत्र संख्या-639/स्था0-2/1-ख/14(1599)/2021, दिनांक-19.12.2022 के संदर्भ में मुझे यह कहने का निदेश हुआ है कि रिट याचिका संख्या-18097(एम.एस.)/2021, निदेशक, पशुपालन विभाग, उ0प्र0, लखनऊ व अन्य बनाम मिश्री लाल व अन्य में मा0 उच्च न्यायालय द्वारा पारित आदेश दिनांक-19.08.2021 के अनुपालन में श्री मिश्री लाल की बैठकी अवधि की मजदूरी की आधी धनराशि रू0-73147.50 पूर्णांक में रू0-73148.00 का भुगतान याचिका के प्रतिवादी संख्या-2 पीठासीन अधिकारी, श्रम न्यायालय, उ0प्र0, लखनऊ के पक्ष में किये जाने हेतु चालू वित्तीय वर्ष 2022-23 में लेखाशीर्षक 2403-पशुपालन-001-निदेशन तथा प्रशासन-03-निदेशालय के मानक मद 42-अन्य व्यय (भारित) में प्राविधानित धनराशि के सापेक्ष रू0-0.73148 लाख (रूपये तिहत्तर हजार एक सौ अड़तालिस मात्र) की वित्तीय स्वीकृति श्री राज्यपाल सहर्ष प्रदान करते हैं।

2- इस संबंध में होने वाला व्यय रुपये 73,148 (रुपये तिहत्तर हजार एक सौ अड़तालीस मात्र) को चालू वित्तीय वर्ष 2022-23 के आय-व्ययक मे **अनुदान संख्या** 015 **लेखा शीर्षक** 2403000010300 निदेशालय **मानक मद** 42 अन्य व्यय (भारित) के नामे डाला जायेगा।

3- यह आदेश वित्त (आय-व्ययक) अनुभाग-1 के कार्यालय ज्ञाप संख्या-13/2022/बी-1-454/दस-2022-231/2022, दिनांक-07 जून, 2022 में प्रशासकीय विभाग को उक्तवत प्रतिनिधानित अधिकार के अंतर्गत निर्गत किये जा रहे है।

भवदीय,

(देवेन्द्र कुमार पाण्डेय)
विशेष सचिव।

पृ0सं0-7/2023/001-यू.ओ.84(1)/सैंतीस-2-2022- तद्दिनांक ।

प्रतिलिपि निम्नलिखित को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्यवाही हेतु प्रेषितः-

1. महालेखाकार (लेखा एवं हकदारी)/(लेखा-परीक्षा) प्रथम/द्वितीय, उत्तर प्रदेश, प्रयागराज।
2. वित्त नियंत्रक/संयुक्त निदेशक (नियोजन), पशुपालन विभाग, उ0प्र0, लखनऊ।
3. संबंधित मुख्य/वरिष्ठ कोषाधिकारी एवं संबंधित जिलाधिकारी।
4. वित्त (व्यय-नियंत्रण) अनु0-1/वित्त (आय-व्ययक) अनु0-1/नियोजन अनु0-3 ।
5. उप निदेशक (प्रक्षेत्र), पशुपालन विभाग, महानगर, लखनऊ/गार्ड फाईल।

आज्ञा से,

(विनोद कुमार द्विवेदी)
उप सचिव।

1- यह शासनादेश इलेक्ट्रानिकली जारी किया गया है, अतः इस पर हस्ताक्षर की आवश्यकता नहीं है ।
2- इस शासनादेश की प्रमाणिकता वेब साइट http://shasanadesh.up.nic.in से सत्यापित की जा सकती है ।